दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शनिवार 08 जनवरी 2022

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

## घातक मनोवृत्ति

साइबर दुनिया जहां तरक्की की राह दिखाती है, वहीं अपराधियों के घातक मंसूबों को अंजाम देने का साधन भी बन गई है। दरअसल, साइबर अपराधियों के खिलाफ समय रहते सख्त कार्रवाई न होने से ऐसे तत्वों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि वर्ग विशेष की मौन सहमति उन्हें प्राप्त है। ऐसे हमले समुदाय या लिंग विशेष पर न होकर पूरी सामाजिकता के ताने-बाने को क्षतिग्रस्त करते हैं। हाल ही में सामने आया 'बुल्ली बाई' एप का मामला इसी कड़ी का विस्तार है, जिसमें सोशल मीडिया पर सक्रिय संप्रदाय विशेष की महिलाओं की प्रतिष्ठा व गरिमा को ठेस पहुंचाने की कुत्सित कोशिश की गई। हालांकि, इस मामले में तल्ख प्रतिक्रिया के बाद सरकार ने इस विवादित एप पर रोक लगाई और विद्वेष फैलाने वाले समूह की मास्टर माइंड महिला व एक इंजीनियरिंग के छात्र को गिरफ्तार करके ऐसे तत्वों को सख्त संदेश भी दिया है। लेकिन इससे समाज में जो कटुता व विद्वेष फैला है, उसकी क्षतिपूर्ति इतनी आसान भी नहीं होगी। इस मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी शीघ्र कार्रवाई के लिये पुलिस को कहा था। दरअसल, इस विवादित एप पर संप्रदाय विशेष की महिलाओं के चित्र अपलोड करके उनके बारे में अनुचित व अश्लील बातें लिखी गई थीं। इससे पहले गत वर्ष जुलाई में ऐसे ही विवादित एप का मामला संप्रदाय विशेष की महिलाओं को निशाने पर लेने के आरोपों के बीच सामने आया था। लेकिन दिल्ली व यूपी में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से उससे मिलते-जुलते नये एप का मामला प्रकाश में आ गया। जाहिर बात है कि समय रहते कार्रवाई न होने से साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं। इसके बावजूद भले ही पुलिस ने मुख्य अपराधियों को पकड़ लिया है, लेकिन सामाजिक समरसता को इससे जो क्षति होती है, उसकी भरपाई संभव नहीं है। ऐसे में साइबर अपराधों से निपटने के लिये सख्त तंत्र विकसित करने की जरूरत है, अन्यथा ऐसी कुत्सित कोशिशों का समाज को बड़ा खमियाजा भुगतना पड़ेगा जो कालांतर कानून व्यवस्था के लिये चुनौती पैदा कर सकता है।

निस्संदेह, वक्त आ गया है कि समाज में नफरत फैलाने वाले साइबर अपराधियों पर मजबूती से शिकंजा कसा जाये। अपराधों की पुनरावृत्ति रोकने के लिये यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि ऐसे अपराधियों पर समय रहते निर्णायक कार्रवाई की जाये, जिसके लिये तंत्र की प्रतिबद्धता जरूरी है। दरअसल, दुनिया भर में साइबर स्पेस तेजी से यौन विकृतियों, आर्थिक अपराधियों तथा महिलाओं को निशाने पर लेने वाले ट्रोलर्स का अड्डा बनता जा रहा है। भारत भी उसका अपवाद नहीं है। वर्ष 2020 में देश में महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध के लगभग 2300 मामले प्रकाश में आये। इसके अलावा बड़ी संख्या में ऐसे पीड़ित होते हैं जो कई कारणों से शिकायत दर्ज कराने आगे नहीं आते। वर्ष 2019 में भी 1600 से अधिक ऐसे ही मामले दर्ज हुए। इनमें अधिकतर अपराध यौन सामग्री के प्रकाशन व प्रसारण से जुड़े थे। भयदोहन, मानहानि, फर्जी प्रोफाइल बनाने जैसे हथकंडों से महिलाओं को परेशान व अपमानित करने का कुत्सित खेल खेला जाता है। ऐसे में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ ही कानूनी प्रावधानों को सख्त बनाने की जरूरत है ताकि कानून प्रभावी निवारक के रूप में कार्य कर सके। दरअसल, सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 साइबर अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की राह प्रशस्त नहीं करता, बल्कि सजा को कई मायनों में लचीला भी बनाता है। समाज में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग व इंटरनेट के दायरे में विस्तार ने महिलाओं को यौन उत्पीड़न की दृष्टि से संवेदनशील बना दिया है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों को महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये संकल्पबद्ध होने की जरूरत है ताकि महिलाएं चाहे किसी भी समुदाय से संबंध रखती हों, ऐसे हमलों का शिकार न बनें। सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों को कुत्सित सोच का अड्डा न बनने दिया जाये। सजा इतनी सख्त और तत्काल हो कि फिर असामाजिक तत्व महिलाओं को प्रताड़ित करने की सोच भी न सकें।

## 6 मैचों में तूफानी बल्लेबाजी के बावजूद टीम इंडिया में पूनम राउत को नहीं मिली जगह

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने 5 जनवरी को ही न्यूजीलैंड में मार्च में होने वाले महिला वर्ल्ड कप 2022 के लिए टीम इंडिया का ऐलान किया था। वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम में जेमिमा रोड्रिग्स और शिखा पांडे को शामिल नहीं किया गया है। इसके अलावा विश्व कप के लिए चयनित 15 सदस्यीय भारतीय टीम में पूनम राउत का भी नाम शामिल नहीं है। चयन के कुछ समय बाद ही टीम में जगह नहीं मिलने से पूनम राउत ने चुप्पी तोड़ी है और अपने दिल का दर्द बयां किया। टीम में जगह नहीं मिलने की वजह से पूनम राउत काफी निराश हैं। दाएं हाथ की ओपन बल्लेबाज ने ट्विटर पर एक पोस्ट के जरिए अपनी दिल की बात कही है। राउत ने ट्वीट में लिखा कि मुझे अनुभवी बल्लेबाजों और भारत के लिए लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में माना जाता है और मैं विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं होने पर बेहद निराश हूं। 2021 में मैंने 73.75 के औसत से 295 रन बनाए, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल थे। राउत यहीं



नहीं रुकी, उन्होंने आगे कहा कि प्रदर्शन करने के बाद भी उन्हें टीम में नहीं चुने जाने पर मलाल जरूर है लेकिन इसके बावजूद मैं उन सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देना चाहती हूं जो भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

32 वर्षीय राउत पिछले साल इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए वनडे टीम का हिस्सा थी और विश्वकप के पिछले संस्करण में भी शामिल थी। राउत ने 2021 में खेले गए छह वनडे मैचों में 73.75 की औसत से 295 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल है। राउत ने 73 वनडे मैचों में 34.83 की औसत से 2299 रन बनाए हैं और तीन वनडे वश्वि कप और चार टी20 विश्व कप का हिस्सा रही हैं। यह पहली बार नहीं है जब दाएं हाथ की बल्लेबाज को युवा और आक्रामक बल्लेबाज़ों ने मात दी हो। 2018 में भी, जब टीम प्रबंधन ने युवा रॉड्रग्सि को तैयार करना शुरू किया, तब उन्हें टीम में जगह नहीं मिली थी। हालांकि राउत की अक्सर धीमा खेलने पर आलोचना की जाती रही है। वह 2021 में अपने स्ट्राइक रेट को बढ़ाकर 68.92 पर ले गई। इससे पहले उनका करियर स्ट्राइक रेट 56.96 था। राउत ने पिछले साल मार्च में दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ के दौरान कहा था, मैं स्ट्राइक रेट के बारे में ज़्यादा नहीं सोचती। मैं टीम में अपने योगदान पर ध्यान देती हूं। जहां तक वापसी करने की बात है मानसिक रूप से मज़बूत रहना महत्वपूर्ण है। ऐसे लोग हैं जो मुझे बताते हैं कि मेरा स्ट्राइक रेट कम है, लेकिन मैं इससे चिंतित नहीं होती। मैं अपना काम करती रहती हूं, यानि खेलती रहती हूं। 2021 में राउत को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधों में ग्रेड सी से बी में भी पदोन्नत किया गया था

साथ ही साथ इस चयन को लेकर फैंस काफी सवाल खड़े कर रहे हैं। इसी बीच चीफ सिलेक्टर नीतू डेविड का हैरान कर देने वाला बयान सामने आया है।

## एसईजेड में सुधार पर गोयल ने की बैठक

**नई दिल्ली** । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विशेष आार्थिक जोन (एसईजेड) योजनाओं में सुधार पर एक विशेष बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने ट्विटर पर कहा, भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्रों सुधार के विषय पर चर्चा के लिए एक बैठक की।



श्री गोयल ने आगे लिखा कि उन्होंने इस बैठक में भारत से निर्यात को और बढ़ावा देने तथा आर्थिक वृद्धि तेज करने के लिए कारोबार तथा नियमन व्यवस्था को और सरल बनाने पर विचार विमर्श किया।

वित्तीय वर्ष 2020- 21 में, एसईजेड से निर्यात कोविड -19 के कारण वित्तीय गिरकर 7.6 लाख करोड़ रुपये के बराबर रहा। इससे पिछले वर्ष इन क्षेत्रों से निर्यात 7.97 लाख करोड़ रुपये था। जून 2021 तक, सरकार द्वारा अनुमोदित कुल 427 एसईजेड में से 267 चालू थे जिनमें लगभग 6.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ था औरलगभग 25 लाख लोग कार्यरत थे।

## सरसों, सोयाबीन की कीमतों में तेजी, सस्ती हुई अरहर दाल

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मंदी के रुख के बावजूद दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में गुरुवार को सरसों, सोयाबीन तेल-तिलहन, बिनौला, सीपीओ एवं पामोलीन के भाव में सुधार दर्ज हुआ। इसका कारण शिकागो एक्सचेंज में तेजी है जो बुधवार रात लगभग दो प्रतिशत मजबूत बंद हुआ था। बाकी तेल-तिलहनों के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए। इंदौर के संयोगिता गंज अनाज मंडी में गुरुवार को तुअर (अरहर) के भाव में 100 रुपये प्रति चिंटल की कमी आयी। हालांकि मसूर 50 रुपये प्रति चिंटल महंगी बिकी। मूंग की



दाल के भाव में 50 रुपये प्रति चिंटल की वृद्धि हुई।

बाजार सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में लगभग एक प्रतिशत नीचे था जबकि शिकॉगो एक्सचेंज फिलहाल आधा प्रतिशत नीचे है। देश की मंडियों में आवक निरंतर घट रही है और किसान सोयाबीन की बिक्री कम भाव पर करने से कतरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोयाबीन की प्लांट डिलीवरी कम होने से मिल वाले सीधा मंडियों से सोयाबीन दाना की ऊंचे भाव पर खरीद कर रहे हैं। इस वजह से सोयाबीन तेल तिलहनों के भाव में सुधार है।

### सरसों की उपलब्धता काफी कम

सूत्रों ने कहा कि सरसों की उपलब्धता काफी कम रह गई है। मौजूदा बरसात सरसों के लिए फायदेमंद है पर इसके कारण अगली फसल में देर हो सकती है। सरसों की अगली परिपच फसल मार्च के आरंभ तक मंडियों में आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सलोनी शम्साबाद ने सरसों के भाव को 8,350 रुपये से बढ़ाकर 8,500 रुपये चिन्टल कर दिया है जिससे सरसों तेल तिलहनों के भाव मजबूत हो गये।

## टाटा और बिड़ला ग्रुप के स्टॉक अपने निवेशकों पर कर रहे नोटों की बारिश

**नई दिल्ली।** टाटा और बिड़ला ग्रुप के दो स्टॉक अपने निवेशकों को जमकर रिटर्न दे रहे हैं। टाटा ग्रुप के टाटा टेलिसर्विसेज (महाराष्ट्र) लिमिटेड (टीटीएमएल) ने जहां अपने निवेशकों को एक साल में 3078 फीसद का रिटर्न दिया है तो वहीं, बिड़ला ग्रुप के मल्टीबैगर स्टॉक एक्सप्रो इंडिया ने एक साल में 2,609प्रतिशत से अधिक की



छलांग लगाई है। एक साल पहले एक्सप्रो इंडिया बीएसई पर लगभग 39 रुपये पर था और आज यह स्टॉक 1,087 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। यानी एक साल पहले अगर किसी निवेशक ने एक लाख रुपये इसमें लगाए होंगे और अभी तक इस स्टॉक में बना हुआ है तो उसके एक लाख रुपये अब 27 लाख हो गए होंगे। एक्सप्रो इंडिया लिमिटेड बिड़ला समूह का हिस्सा है, जो कई डिवीजनों का एक समूह है। अकेले छह महीने की अवधि में एक्सप्रो इंडिया के शेयरों में 503प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि पिछले 5 दिनों में स्टॉक में 16प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

## कोरोना ने बिगाड़ा खेल, आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन की तारीखों में बदलाव कर सकता है बीसीसीआई

**नई दिल्ली** । आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी तरह की तैयारियां कर ली है। आईपीएल 2022 का मेगा ऑक्शन 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होने वाला है। लेकिन उससे पहले ही इस पर खतरे के बादल मंडराने लगा है। देश और दुनिया में कोरोना की तेजी से बढ़ते मामले को देखते हुए बीसीसीआई अब मेगा ऑक्शन की तारीखों में बदलाव कर सकता है। बीसीसीआई के सोर्स ने आईपीएल मेगा ऑक्शन की नई तारीखों के बारे में बताया है। देश में कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए बीसीसीआई अब मेगा ऑक्शन की तारीख को एक सप्ताह या 10 दिन के लिए आगे बढ़ा सकता है। बोर्ड से जुड़े सूत्रों की मानें तो कोरोना के अलावा सीवीसी कैपिटल का भी मामला सामने आ रहा है, इसलिए बोर्ड मेगा ऑक्शन की तारीख को आगे बढ़ाना पर विचार कर रहा है। बेंगलोर की जगह वेन्यू कुछ और हो सकता है। बीसीसीआई के एक



अधिकारी ने कहा है कि देश में बढ़ते कोविड-19 के मामलों से यह मेगा ऑक्शन आगे टल सकता है। फिलहाल बोर्ड स्थिति पर बारीकी से नजरें बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार के सभी नियमों को फॉलो किया जाएगा।

**दो और नई टीमों के आने से मेगा ऑक्शन होगा अलग–**

आईपीएल मेगा ऑक्शन में इस बार दो और नई टीमें भाग लेंगी। इनमें लखनऊ और हैदराबाद की टीमें शामिल है। आईपीएल रिटेंशन पहले ही पूरा हो चुका है। जहां सभी टीमों ने अपने पसंद के पहले ही खिलाड़ी रिटेन कर लिए हैं। मुंबई इंडियंस के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स सहित सभी टीमों ने अपने अपने खिलाड़ियों की रिटेन की हुई लिस्ट जारी कर दी है।

## आज का राशिफल

मेषः आपके परिवार को आपसे बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं, जिसके चलते आप खीज महसूस कर सकते हैं। आज के दिन किसी के साथ छेड़खानी करने से बचें।

वृषः आज अपनी सेहत के चिंता करने की कतई जरूरत नहीं है। आपके आस-पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व सराहेंगे।

मिथुनः आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ खींचेगा। परिवार के किसी सदस्य के बीमार पड़ने की वजह से आपको आर्थिक परेशानी आ सकती है।

कर्कः दिन की शुरुआत आप योग-ध्यान से कर सकते हैं। मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। आपके माता-पिता की सेहत चिंता और घबराहट का कारण बन सकती है।

सिंहः अपनी शारीरिक सेहत सुधारने के लिए संतुलित आहर लें। इनवेस्ट किया धन फायदा मिल सकता है।

कन्याः आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं।

तुलाः आपकी इच्छा-शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा। आप पेचीदा हालात से निकलने में क़ामयाब रहेंगे।

वृश्चिकः झगड़ालू स्वभाव को क़ाबू में रखें, नहीं तो रिश्तों में कभी न मिटने वाली खटास पैदा हो सकती है। ज़िंदगी प्यार-मोहब्बत के नज़रिए से ऐसे ही महकने को है।

धनुः रचनात्मक शौक़ आज आपको सुकून का एहसास कराएंगे। आपकी माता पक्ष से आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है।

मकरः आप ख़ुद को ऊर्जा से सराबोर महसूस करेंगे, लेकिन काम का बोझ आपमें खीज पैदा करेगा।

कुंभः दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करें और वे काम करें जिन्हें आप वाक़ई पसंद करते हैं। जो लोग विदेशों से व्यापार करते हैं, उन्हें आज अच्छा ख़ासा धन लाभ हो सकता है।

मीनः आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी ख़ासी तारीफ़ कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ वक्त बिताने और उनको कहीं घुमाने ले जाने का प्लान करेंगे।

## अजय देवगन इस साल करेंगे 'रुद्रा' से लेकर 'मैदान' तक, बैक टू बैक 7 बड़ी रिलीज

अक्षय कुमार की तरह ही अजय देवगन भी बॉलिवुड के उन ऐक्टर्स में शुमार हैं जो साल में 5-6 फिल्में करते हैं। साल 2021 में अजय देवगन बतौर ऐक्टर और प्रड्यूसर करीब 5 फिल्में लेकर आए और नए साल यानी 2022 में भी वह बड़ा धमाका करने वाले हैं। अजय देवगन के लिए 2022 बेहद बिजी रहने वाला है।

इस साल भी उनकी एक-दो नहीं बल्कि 6 फिल्में रिलीज होंगी। इसके अलावा वह 'रूद्राः द एज ऑफ डार्कनेस' के जरिए ओटीटी की दुनिया में भी डेब्यू करेंगे।

आइए आपको बताते हैं कि



अजय देवगन 2022 में कौन-कौन से प्रॉजेक्ट लेकर आने वाले हैं और उनमें उनका क्या रोल होगा। अजय साल की शुरुआत साउथ की फिल्म 'काथी' के हिंदी रीमेक के साथ करेंगे।

अजय देवगन इससे पहले 9 साउथ इंडियन फिल्मों के हिंदी रीमेक में काम कर चुके हैं और 'काथी' उनकी 10वीं फिल्म होगी। अजय ने इससे पहले जिन साउथ इंडियन फिल्मों का हिंदी रीमेक किया है, उनमें 'दृश्यम', 'ऐक्शन जैक्सन', 'सिंघम', 'हिम्मतवाला' और 'सन ऑफ सरदार' जैसी फिल्में शामिल हैं।

बात करें अजय देवगन के डिजिटल डेब्यू की तो उनकी सीरीज 'रूद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' को डिजिटल की दुनिया की सबसे बड़ी सीरीज बताया जा रहा है और यह फरवरी के आखिर या फिर मार्च 2022 में रिलीज हो सकती है।

## फिल्म गहराइयां का नया पोस्टर आया सामने, रिलीज डेट भी बदली

लंबे समय से चर्चा में बनी शकुन बत्रा के डायरेक्शन में बनी फिल्म के नाम का खुलासा कुछ महीनों पहले ही किया गया था, फिल्म के नाम के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस की गई थी। हालांकि अब फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आयी है। जी हां! दरअसल मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, सिद्धांत चतुर्वेदी, धैर्य कारवा और अनन्या पांडे मुख्य किरदारों में है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने जन्मदिन के




दिन के खास मौके पर फिल्म के कई नयें पोस्टर जारी किए और साथ ही नयीं रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। दीपिका पादुकोण ने अपने सोशल मीडिया पेज पर इन पोस्टर्स को शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, आप सभी के सब्र और भरपूर प्यार के लिए यह इस खास दिन पर आप सभी के लिए एक खास तोहफ़ा है।

## जायकेदार पालक पत्ते की चाट

पालक हमारी सेहत के लिए कितना फायदेमंद है इससे तो आप वाकिफ होंगे ही, तो सब्जी, साग के अलावा एक और तरह से इसका जायका ले सकते हैं और वो है चाट। तो आइए जानते हैं इसे बनाने का तरीका।



### सामग्री :

1 कप बेसन, नमक, 8-9 पालक के पत्ते, 2 कप पानी, तलने के लिए तेल

**अन्य सामग्री–** थोड़ा दही, काला नमक, जीरा पाउडर, चाट मसाला, लाल मिर्च पाउडर, थोड़ा कटा प्याज, थोड़ी सी इमली की चटनी, थोड़ी सी धनिए की चटनी, कुछ अनार के दाने, थोड़े से सेव नमकीन

### विधि :

एक बोल में बेसन में नमक, लाल मिर्च पाउडर, हरी मिर्च, अजवाइन और पानी डालकर गाढ़ा घोल तैयार करें।

कड़ाही में तेल गर्म करें। पालक के पत्ते को साफ कर लें। इसे बैटर में डालकर निकालें और सीधा कड़ाही में तलें। ध्यान रखें कि एक-एक पत्ते को बैटर में डुबोकर फिर कड़ाही में डालना है।

प्लेट में क्रिस्पी पालक के पत्ते को रखें। इस पर दही, जीरा पाउडर, काला नमक, लाल मिर्च पाउडर, धनिए और इमली की चटनी डालें।

ऊपर से अनार के दाने, चाट मसाला और सेव डालकर तुरंत सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 313

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 312 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 313

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.312 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |